## 7: ऑनलाइन आवेदन की पद्धति

### (i) ऑनलाइन आवेदन कैसे करें (How to Apply online)

**1. अभ्यर्थी दिये गये निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ें।**

(i) आवेदन पत्र भरने से पहले सूचना विवरणिका को भली भाँति पढ़ लें/समझ लें।

(ii) ऑनलाइन फार्म भरने से पहले अभ्यर्थी के पास **एक वैध मोबाइल नं0 एवं ईमेल आईडी** होना आवश्यक है। फार्म भरने के दौरान ओटीपी (OTP) एवं रजिस्ट्रेशन विवरण इसी रजिस्टर्ड मोबाइल नं0 पर आयेगा। रजिस्टर्ड मोबाइल नं0 को काउन्सलिंग/प्रवेश प्रक्रिया के पूरा होने तक अपने पास सुरक्षित रखें। प्रवेश परीक्षा/काउन्सलिंग से सम्बन्धित सारी सूचनाएं इसी मोबाइल नं0 पर भेजी जायेंगी।

(iii) आवेदन पत्र भरने से पहले अभ्यर्थी निम्नलिखित विवरण अपने पास रखना सुनिश्चित करें।

- अपना व्यक्तिगत विवरण।
- यदि अभ्यर्थी दिव्यांगजन (Person with Disability- PWD), स्वतंत्रता संग्राम सेनानी (Freedom Fighter-FF), भूतपूर्व सैनिक (Defence Person-DP), खिलाड़ी (Sport Person-SP), अथवा कृषि विश्वविद्यालयों के नियमित कर्मचारियों के पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी (UE) है, तो वे प्रमाण पत्र अपने पास रखना सुनिश्चित करें।
- यदि अभ्यर्थी खिलाड़ी (Sport Person-SP) है, तो वे खेल प्रमाण पत्र को अवश्य अपलोड करें, अन्यथा आपका आवेदन Sport Person-SP के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और न ही 2 प्रतिशत स्पोर्टस वेटेज का लाभ दिया जायेगा।
- अभ्यर्थी अपना फोटो (40 KB), हस्ताक्षर (40 KB), दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली की छाप (Right Index Fingure) (40 KB) और उक्त प्रमाण पत्र (200 KB) जेपीजी (JPG) फार्मेट में स्कैन करके पेन ड्राइव अथवा कम्प्यूटर में सुरक्षित रख लें।
- फोटो दिनांक 01 मार्च, 2025 से पहले का नहीं होना चाहिए तथा फोटो पर अभ्यर्थी का फोटो, नाम (Name), दिनांक अंकित होना चाहिए।

जैसे–




नोट–

1. अभ्यर्थी आवेदन करने हेतु केवल स्वयं का मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल–आईडी का उपयोग करें। गलत मोबाइल नम्बर अथवा ई–मेल–आईडी के होने के कारण यदि अभ्यर्थी को कोई सूचना नहीं प्राप्त होती है, तो इसके लिये परीक्षा निकाय की जिम्मेदारी नहीं रहेगी।
2. अभ्यर्थी अपना सभी विवरण सही–सही भरें। प्रार्थना पत्र फाइनल सबमिट (Final Submit) करने के बाद आप अपने विवरण में सुधार नहीं कर सकते हैं।

## (ii) ऑनलाइन आवेदन करने की क्रमवार विधि (Stepwise Procedure for online application)

Step 1: Download Information Brochure
Step 2: New Registration
Step 3: Login (Filling information, Qualification Details, Upload Document)
Step 4: Application Fee Payment
Step 5: Print Application Form

## Step 1: Download Information Brochure

(i) सूचना विवरणिका को डाउनलोड करें और उसका भली–भांति अध्ययन करें। अभ्यर्थी सूचना विवरणिका में निर्धारित अर्हता, आयु सीमा एवं निर्देशों को ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व अवश्य अध्ययन करे। अभ्यर्थी निर्धारित शैक्षिक अर्हता एवं आयु सीमा सुनिश्चित होने पर ही आवेदन करें।

## Step 2: New Registration

(i) ऑनलाइन आवेदन करने हेतु https://upcatet.net पर जायें।

(ii) सर्वप्रथम New Registration पर क्लिक करें। इसके बाद अगले पेज पर अपने सभी विवरण सावधानी पूर्वक भरें एवं Submit बटन पर क्लिक करें।

(iii) Submit बटन पर क्लिक करने के बाद आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर एक ओटीपी (OTP) जायेगा। इस पेज पर अपने भरे हुए विवरण को ध्यान पूर्वक पढ़ लें, यदि कोई परिवर्तन करना चाहते हैं, तो Back बटन पर क्लिक करें यदि सभी विवरण सही है, तो OTP भर कर Submit बटन पर क्लिक करें।

(iv) मोबाइल नं0 वेरीफाई करने के बाद Registration No. विवरण आपके पंजीकृत मोबाइल एवं ई–मेल पर भेजा जायेगा।

## Step 3: Login (Filling information, Qualification Details and Document Upload)

(i) New Registration की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त अभ्यर्थी को आवेदन करने हेतु Login करना होगा।

(ii) अभ्यर्थी अपना Registration No. एवं जन्म तिथि भर कर Login करें।

(iii) Login करने के बाद व्यक्तिगत विवरण (Personal Information) (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, जाति, उपश्रेणी जैसे–Person with Disability-PWD, Freedom Fighter-FF, Defence Person-DP, Sport Person-SP एवं University Employee-UE, परीक्षा केन्द्र, मोबाइल नम्बर, ई–मेल आईडी, आधार नम्बर, पत्राचार का पता तथा स्थायी पता) भरें। समस्त विवरण भरने के बाद Submit & Next पर क्लिक करें।

(iv) अगले पेज पर डाक्यूमेंट अपलोड का फार्म खुल जायेगा। इस पेज पर अभ्यर्थी अपना फोटो, हस्ताक्षर, दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली (Right Index Finger "☝") का निशान, खेल प्रमाण पत्र/अन्य प्रमाण पत्र (यदि लागू है तो), की जेपीजी (JPG) फॉरमेट में स्कैन कॉपी अपलोड करें एवं Upload & Next पर क्लिक करें।

(v) विवरण भर जाने के बाद आपके आवेदन का विवरण प्रदर्शित हो जायेगा। अपने सभी विवरण को सावधानी पूर्वक पढ़ लें। यदि कोई विसंगति है, तो तुरन्त सुधार कर सकते हैं। अन्यथा Fee Process हो जाने के बाद आप अपने विवरण में सुधार नहीं कर सकते हैं।

## Step 4: Fee Payment

(i) उपरोक्त स्टेप पूरा करने के बाद शुल्क जमा करने के लिये Click here to pay पर क्लिक करें।

(ii) अगले पृष्ठ पर ऑनलाइन (डेबिट कार्ड एवं नेट बैकिंग) पेमेन्ट का विकल्प चुन सकते हैं। ऑनलाइन मोड में डेबिट कार्ड अथवा नेट बैंकिंग के द्वारा फीस जमा कर सकते हैं।

## Step 5: Print Application Form

(i) फीस जमा करने के बाद अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट ले सकते हैं। आवेदन पत्र की 2 से अधिक प्रतियाँ निकाल कर अपने पास सुरक्षित रख लें।

## (iii) ऑनलाइन आवेदन भरने के निर्देशः (Instruction for Online Application)

### I -डिग्री प्रोग्राम का चयनः

(i) स्नातक पाठ्यक्रमों (UG) की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी आवेदन पत्र में UG प्रोग्राम को चुनें, और अपनी अर्हता के अनुसार ग्रुप आफ पेपर (PCB, PCM, PAG, PHS) को चुने। अर्हता के अनुसार ग्रुप ऑफ पेपर की जानकारी पृष्ठ संख्या 32–33 पर उपलब्ध है। प्रत्येक प्रोग्राम एवं ग्रुप आफ पेपर के सामने उसका कोड न0 सुनिश्चित करें। प्रत्येक ग्रुप ऑफ पेपर के कोड नं0 सूचना विवरणिका के पृष्ठ संख्या 32–33 पर दिये गयें हैं।

(ii) परास्नातक पाठ्यक्रमों (Master's Programme) की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी आवेदन पत्र में PG प्रोग्राम को चुनें और अपनी अर्हता के अनुसार ग्रुप ऑफ पेपर (MHS, MAG, MFS, MVS, MTA, MTM, MTB, MFS, MBA, MTF & MTD) को चुनें। प्रत्येक परास्नातक प्रोग्राम की प्रवेश परीक्षा का संक्षिप्त नाम एवं कोड नं0 सूचना विवरणिका के पृष्ठ संख्या 34–36 पर दिये गये हैं।

(iii) पी–एच0डी0 पाठ्यक्रमों (Ph.D. Programme) हेतु अभ्यर्थी आवेदन पत्र में Ph.D. प्रोग्राम को चुनें और अपनी अर्हता के अनुसार ग्रुप ऑफ पेपर (PDA, PDH, PDFR, PDHS, PDB, PDV, PDT, PDF & PDAB) को चुनें। प्रत्येक पी–एच0डी0 प्रोग्राम की प्रवेश परीक्षा का संक्षिप्त नाम एवं कोड नं0 सूचना विवरणिका के पृष्ठ संख्या 36–38 पर दिये गये हैं।

### II - श्रेणी / उपश्रेणी (Category / Sub-Category) का चयन:

(i) अभ्यर्थी अपनी श्रेणी (MAIN CATEGORY) को चुनें। जैसे कि UR/EWS /OBC /SC/ST

(ii) अभ्यर्थी अपनी उपश्रेणी (SUB CATEGORY)को चुनें। जैसे कि DP/FF/PWD/UE

### III - परीक्षा केन्द्र का चयन:

(i) अभ्यर्थी किसी दो परीक्षा केन्द्र का चयन करें, और परीक्षा केन्द्र का कोड नम्बर सुनिश्चित करें। परीक्षा केन्द्र हेतु शहरों के नाम एवं कोड नं0 सूचना विवरणिका के पृष्ठ संख्या 31 पर दिये हुए हैं।

### IV - फोटोग्राफ के सम्बंध में:

(i) अभ्यर्थी अपनी फोटो, जेपीजी (jpg) फार्मेट में स्कैन करें।

(ii) फोटो 01 मार्च, 2025 से पहले की न हो, तथा फोटो पर अभ्यर्थी का नाम, फोटो एवं दिनांक अंकित होना चाहिए।